__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date -                    Class - VI
Subject - Hindi Language          Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग - 6
शुद्ध करो

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'शुद्ध करो' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 1 अगस्त, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'शुद्ध करो' के बारे में पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'शुद्ध करो' के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको 'शुद्ध करो' करवाने जा रही हूँ, सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

शुद्ध करो

बच्चो ! ध्वनि शब्द तथा वाक्य प्रयोग के स्तर पर प्रत्येक भाषा का एक मानक (वह रूप जो शिक्षाविदों द्वारा माना जाता है) रूप होता है। हम बोलने तथा लिखने में उसी भाषा का प्रयोग करते हैं, जिसे शिक्षाविदों द्वारा सही माना जाता है।
इस प्रकार -

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-.                                   Class- VI
Subject - Hindi Language                Page- 2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

भाषा के मानक रूप से भिन्न प्रयोग अशुद्ध कहा जाएगा। भाषा का शुद्ध लेखन उसके शुद्ध उच्चारण पर निर्भर करता है। बच्चो! हिन्दी भाषा उसके उच्चारण के अनुसार लिखी जाती है। जिसे जैसा बोला जाता है वैसा ही लिखा जाता है। हम भाषा को तभी शुद्ध लिख सकते हैं, जब हमें उसका शुद्ध उच्चारण करना आता होगा। अशुद्ध उच्चारण के कारण बहुत सी अशुद्धियाँ देखने को मिलती हैं। इस लिए किसी भी भाषा का शुद्ध रूप सीखना बहुत ज़रूरी है।
बच्चो! आज हम कुछ शब्दों का शुद्ध रूप सीखेंगे।

## शुद्ध करो

| | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| 1. | प्रसंशा | प्रशंसा |
| 2. | सन्यासी | संन्यासी |
| 3. | उज्जवल | उज्ज्वल |
| 4. | मिठाईयाँ | मिठाइयाँ |
| 5. | आर्शीवाद | आशीर्वाद |
| 6. | एतिहासिक | ऐतिहासिक |

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-  Class - VI

Subject- Hindi Language  Page - 3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 7. | उलंघन | उल्लंघन |
| 8. | उन्नती | उन्नति |
| 9. | विज्ञानिक | वैज्ञानिक |
| 10. | चाहिये | चाहिए |
| 11. | कवियत्री | कवयित्री |
| 12. | उपलक्ष | उपलक्ष्य |
| 13. | बलकी | बल्कि |
| 14. | स्थिती | स्थिति |
| 15. | पूज्यनीय | पूजनीय |
| 16. | रचियता | रचयिता |
| 17. | रूचि | रुचि |
| 18. | परिनाम | परिणाम |
| 19. | आयी | आई |
| 20. | यग्य | यज्ञ |

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -                                   Class - VI
Subject - Hindi Language                Page - 4
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

बच्चो! मैंने आपको 'शुद्ध करो' अर्थात् शब्दों के शुद्ध रूप समझा दिए हैं। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. शब्दों का मानक रूप कौन-सा होता है?

प्रश्न-2. लिखते समय होने वाली अशुद्धियों का क्या कारण होता है?

प्रश्न-3 सन्यासी शब्द का शुद्ध रूप लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. शब्दों का वह रूप जो शिक्षाविदों द्वारा माना जाता है, मानक रूप होता है।

उत्तर-2. अशुद्ध उच्चारण के कारण ही लिखते समय अशुद्धियाँ होती हैं।

उत्तर-3 संन्यासी

प्यारे बच्चो! आशा है आप सभी ने शुद्ध शब्द समझ एवं याद कर लिए होंगे। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे सभी बच्चे अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

**गृह कार्य :-**

∴ बच्चो! आप ऊपर कराए गए 'शुद्ध करो' शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner